हाऊसिंग बोर्ड के अफसरों की लेटलतीफी के कारण गरीबों को 4 से 7 लाख रु. तक महंगे मिलेंगे फ्लैट

प्रताप नगर सेक्टर 28 में मुख्यमंत्री जन आवास योजना में ई.डब्ल्यू.एस. और एल.आई.जी. श्रेणी में बनाये जा रहे 1000 आवासों में से 400 फ्लैट्स का भी कब्जा नहीं सौंप पाया है आवासन मंडल

प्रताप नगर सेक्टर-28 में मुख्यमंत्री जन आवास योजना के निर्माणाधीन फ्लैट्स, जहां गंदगी के ढेर लगे है। घटिया सामग्री का उपयोग होने के कारण अभी से लिकेज व सीलन की समस्या आने लगी है।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । हाऊसिंग बोर्ड के अफसरों की लेटलतीफी के कारण मुख्यमंत्री जन आवास योजना में फ्लैट लेने वाले गरीब वर्ग को करीब 4 से 7 लाख रुपए महंगी कीमत पर आशियाना मिलेगा। प्रताप नगर सेक्टर-28 में बन रहे इन 1000 आवासों में से अभी तक 400 फ्लैट्स का भी कब्जा आवंटियों को नहीं सौंपा जा सका हैं। जबकि इस प्रोजेक्ट की डेडलाइन मार्च 2023 थी।

सूत्रों की मानें तो सितंबर 2020 में जब हाऊसिंग बोर्ड ने यह आवास योजना लॉन्च की थी, तब कमजोर आय वर्ग के फ्लैट की कीमत 6.01 लाख रु. तथा अल्प आय वर्ग के आवास की कीमत 8.99 लाख रुपए रखी गई थी, लेकिन आवास निर्माता ठेकेदार फर्म और आवासन मंडल के अधिकारियों के सुस्त रवैए के कारण प्रोजेक्ट में देरी हुई और निर्माण लागत बढ़ गई। इस कारण इन फ्लैट्स की कीमतें बढ़कर क्रमशः 10.22 तथा 14.98 लाख रुपए पहुंच गई।

नियमों के मुताबिक प्रोजेक्ट की देरी पर आवास निर्माण करने वाली कंपनी और आवासीय अभियंता पर कार्यवाही होनी चाहिए थी, लेकिन ताज्जुब की बात है हाऊसिंग बोर्ड प्रशासन इस पूरे मामले को दबाए बैठा रहा। तय समय पर फ्लैट बनाकर देने में फेल हुए तो अब लोगों को आवंटन पत्र जारी कर फ्लैट की कीमत और देरी से भुगतान पर पेनल्टी वसूली शुरू कर दी। जबकि करीब 60 प्रतिशत लोगों को आज तक भौतिक कब्जा नहीं सौंपा गया है। ऐसे में कमजोर आय वर्ग के इन लोगों पर दोहरी मार पड़ रही है, क्योंकि इस स्कीम में आवास तैयार नहीं होने के कारण उन्हें अन्य जगहों पर किराये के मकान में रहना पड़ रहा है। दूसरी तरफ समय पर आवासन मंडल इन लोगों पर पेनल्टी लगाए जा रहा है।

- **प्रोजेक्ट की डेडलाइन मार्च 2023 थी, अधिकारी तय समय पर फ्लैट बनाकर देने में फेल साबित हुए तो अब लोगों को आवंटन पत्र जारी कर फ्लैट की रकम और पेनल्टी वसूलनी शुरू कर दी**
- **सूत्रों की माने तो सितंबर 2020 में इस आवास योजना की लॉन्चिंग के समय कमजोर आय वर्ग के फ्लैट की कीमत 6.01 लाख रु. तथा अल्प आय वर्ग के आवास की कीमत 8.99 लाख रुपए तय की गई थी, प्रोजेक्ट में देरी के कारण यह कीमतें क्रमशः 10.22 तथा 14.98 लाख रु. हो गई**
- **नियमों के मुताबिक फ्लैट्स निर्माण में देरी पर आवास निर्माता कंपनी और आवासीय अभियंता पर कार्यवाही होनी चाहिए थी, लेकिन हाऊसिंग बोर्ड प्रशासन इस पूरे मामले को दबाए बैठा है**

सूत्रों की माने तो आवासन मंडल की स्कीम में आवंटन पत्र जारी होने के बाद तय कीमत नहीं चुकाने पर एक प्रतिशत प्रशासनिक शुल्क और पेनल्टी और जीएसटी शुल्क का भुगतान करना पड़ता हैं। आवासन अधिकारियों ने गरीब तबके के इन लोगों से यह रकम वसूलनी शुरू कर दी, लेकिन जिस फर्म ने आवास निर्माण में देरी की, उस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

हालत ऐसे हैं कि फ्लैट निर्माण में भी तय गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा। कहीं पानी के पाइप लिकेज हो रहे हैं तो कहीं दीवार और छत में सीलन आ रही हैं। कहीं प्लास्टर झड़ रहा है तो कहीं पर मलबे और गंदगी के ढेर लगे है। इन खामियों के बावजूद आवासन मंडल के अधिकारी इस प्रोजेक्ट पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

> **यह बात सही है कि ई.डब्ल्यू.एस. और एल.आई.जी. के कुल 1 हजार आवास हैं, इनमें से करीब 400 का कब्जा सौंपा जा चुका है। शेष का पजेशन देने का काम चल रहा है। जहां तक बात फ्लैट्स की कीमत बढ़ने की है तो हाऊसिंग बोर्ड ''नो लॉस-नो प्रोफिट'' के आधार पर काम करता है। आवास निर्माण में देरी पर फर्म पर कितनी पेनल्टी लगाई और आवंटियों से कितनी जुर्माना राशि वसूली गई है, इसकी जानकारी आवासीय अभियंता दे सकते हैं।**
>
> भगवानसहाय, उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मंडल

> **ईडब्ल्यूएस कैटेगिरी के 480 में से 330 आवासों का कब्जा सौंप दिया हैं, शेष का पजेशन देने की प्रक्रिया चल रही हैं। अधिक जानकारी आवासीय अभियंता सुभाष यादव और उप आवासन आयुक्त भगवान सहाय ही चौधरी दे सकते है।**
>
> अमित अग्रवाल, मुख्य अभियंता राजस्थान आवासन मंडल

> **प्रोजेक्ट की डेडलाइन याद नहीं, देखकर बता सकूंगा। शायद मार्च माह थी। आवंटियों से पेनल्टी नियमानुसार वसूली जा रही है। आवास निर्माण में देरी पर कितनी पेनल्टी फर्म पर लगाई गई, इसकी जानकारी फाइल देखकर ही बता सकूंगा। फ्लैट्स में सीलन और पाइप लिकेज की छोटी-मोटी समस्याएं हैं, उन्हें दिखवा रहे हैं।**
>
> सुभाष यादव, आवासीय अभियंता राजस्थान आवासन मंडल

नाबालिग ने मजाक-मजाक में युवक की गुदा में हवा भरी, इलाज के दौरान मौत

जयपुर (कासं)। राजधानी के विश्वकर्मा थाना इलाके में एक नाबालिग द्वारा की गई मजाक युवक की जान पर भारी पड़ गई। फैक्ट्री में काम करने के दौरान एक नाबालिग ने युवक की गुदा में हवा भर दी। इससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद नाबालिग मौके से भाग निकला। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर बाल अपचारी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार बिहार निवासी 22 वर्षीय नितिश कुमार राजवंशी पुत्र अरविंद रोड पर 14 पर स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। रविवार को काम करने के दौरान एक नाबालिग ने मजाक-मजाक में उसकी गुदा में पाइप से हवा भर दी। इससे उसकी तबीयत खराब हो गई। इस पर उसे सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर उसकी सोमवार देर रात को मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी नाबालिग मौके से भाग निकला।

पुलिस ने बताया कि आरोपी का भाई संतोष फैक्ट्री में काम करता है। आरोपी उससे मिलने ही जयपुर आया था। मृतक और आरोपी का भाई फैक्ट्री में ही रहकर काम करते है। आरोपी ने रविवार को हंसी-मजाक करते हुए नितिश की गुदा में हाई प्रेशर पाइप से हवा भर दी। इससे उसकी तबीयत खराब हो गई। तबीयत खराब होने पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर सोमवार को मौत हो गई। मंगलवार को हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की धरपकड़ के प्रयास किए जा रहे है। मृतक रोड नम्बर 14 पर स्थित साई इंण्डस्ट्रीज में काम करता है। आरोपी और मृतक दोनों ही बिहार के रहने वाले है।

तीन शातिर ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार

जयपुर । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने चौमूं, विधायकपुरी एवं प्रतापनगर इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक, गांजा और अफीम की तस्करी करने वाले तीन सप्लायरों यशवीर सिंह (44) निवासी जानी मेरठ (उत्तरप्रदेश) हाल चौमूं, कमलेश गुर्जर (23) निवासी कोतवाली चितौड़गढ़ और हंसराज (29) निवासी टोडारायसिंह टोंक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से स्मैक 38 ग्राम, अफीम 810 ग्राम, 1 किलो 545 ग्राम गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त 1 दुपहिया वाहन बरामद किया है।

आपसी विवाद के चलते दो पक्षों में पथराव, तीन घायल

- **भट्टा बस्ती इलाके में सोमवार देर रात की घटना**

जयपुर। भट्टा बस्ती थाना इलाके में आपसी विवाद के चलते सोमवार देर रात दो पक्षों में जमकर पथराव हुआ। इसमें तीन लोग घायल हो गए। पथराव के कारण कॉलोनी में खड़ी गाड़ियों के शीशे टूट गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराया। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट लेकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि शिवाजी नगर इलाके में दो पक्षों के बीच रात करीब 10.30 बजे पथराव की सूचना मिली।

इस पर थाना पुलिस और आसपास के इलाके की पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ लोगों को डिटेन किया गया। दो समुदाय के युवकों के बीच पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। सोमवार रात को गाड़ी निकालने के दौरान दोनों पक्षों के युवक आपस में भिड़ गए और एक-दूसरे पर पथराव कर दिया। पथराव के कारण कॉलोनी में खड़ी गाड़ियों के शीशे टूटे गए।

लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों में जुटा निर्वाचन विभाग

जयपुर । मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने लोकसभा आम चुनाव-2024 की 4 जून को होने वाली मतगणना के संबंध में तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि मतगणना को लेकर आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का गंभीरता के साथ पालन सुनिश्चित करवाएं। मतगणना स्थल की तैयारी, मतगणना स्थल के अंदर एवं बाहर सुरक्षा इंतजाम, मतगणना दल, ईवीएम एवं पोस्टल बैलट गणना, मतगणना के दौरान वीडियोग्राफी, ईटीबीपीएस की गणना को लेकर तैयारी, वीपीपैट पेपर स्लिप काउंटिंग, एवं अन्य इंतजामों को लेकर उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रखे जाएं और पूरी पारदर्शिता के साथ मतगणना की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं। गुप्ता ने बताया कि राज्य में 27 मतगणना केन्द्र स्थापित किए जाएंगे, जिनमें सभी लोकसभा क्षेत्रों के साथ बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव के लिए मतों की गिनती की जाएगी। इन सभी केन्द्रों पर पत्रकारों को मतगणना संबंधी सूचना देने के लिए मीडिया सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिए। मीडिया सेंटर पर केवल अधिकृत पत्रकारों को ही प्रवेश दिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि मतगणना के दौरान एवं चुनाव के परिणाम घोषित होने के पश्चात कानून व्यवस्था की स्थिति नियंत्रित बनाए रखने के लिए बैरिकेडिंग, पुलिस बंदोबस्त, पार्किंग व्यवस्था का प्रबंध हो।

सरसों की पंजीयन सीमा 120 प्रतिशत

जयपुर । प्रबन्ध निदेशक, राजफैड़ नारायण सिंह ने बताया कि राज्य में समर्थन मूल्य पर सरसों की खरीद के लिए कृषक पंजीयन की सीमा जो पूर्व में 100 प्रतिशन तक निर्धारित थी, को बढाकर 120 प्रतिशत तक किया गया है। इस निर्णय से सरसों के लिए राज्य के 231 केन्द्रों पर 30127 किसानों को अतिरिक्त लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि 14 मई तक 1 लाख 22 हजार 454 किसानों से 2.61 लाख मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। जिसकी राशि 1475 करोड़ रूपये है। राज्य के अधिक से अधिक किसान ई-मित्र या खरीद केन्द्र पर जाकर पंजीयन कराये ताकि समर्थन मूल्य का लाभ मिल सके। बढी हुई पंजीयन सीमा के लिए किसान 15 मई से पंजीयन करा सकते है। भारत सरकार द्वारा सरसों खरीद हेतु 14,61,028 मीट्रिक टन एवं चना खरीद 4,52,365 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा है।

49 बीघा कृषि भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियां बसाने की कोशिश विफल

जयपुर । जयपुर विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने करीब 49 बीघा कृषि भूमि पर चोरी छिपे बसाई जा रही तीन अवैध कॉलोनियों को खुर्द-बुर्द किया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि दिल्ली रोड पर आमेर ठाठर में करीब 38 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन ''प्राईम सिटी'' के नाम से अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी थी। काश्तकार और बिल्डरों ने इस अवैध कॉलोनी में रातोंरात मिट्टी-ग्रेवल रोड और बाउंड्रीवाल बना ली थी, जिन्हें जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया। इसी तरह ग्राम ठाठर में पहाड़ी की तलहटी में 9 बीघा कृषि भूमि पर ''मोहम्मद नगर-द्वितीय'' के नाम से अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी, यहां भी मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल समेत कई निर्माण कर लिए गए थे। इसी प्रकार ग्राम ठाठर में ही 2 बीघा कृषि भूमि पर एक अन्य कॉलोनी बसाने की तैयारी थी। तीनों जगहों पर जेडीए टीम ने अवैध निर्माण ध्वस्त करते हुए कॉलोनी बसाने का प्रयास विफल किया।

जे.डी.ए. की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को आमेर स्थित ठाठर ग्राम में बसाई जा रही अवैध कॉलोनियों को खुर्द-बुर्द किया।

जयपुर में पेयजल आपूर्ति नियमित रूप से करें : समित शर्मा

जयपुर, (का.सं.)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने कहा की ग्रीष्मकालीन के दौरान जयपुर शहर में पेयजल की आपूर्ति नियमित रूप से की जाए ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति तक पेयजल पहुंचाना है अतः पेयजल नहीं मिलने, दूषित होने अथवा कम मात्रा में आने वाली समस्त शिकायतों को उसी दिन अथवा तीन दिन में समाधान करें। साथ ही कंट्रोल रूम के अलावा व्हाट्सएप ग्रुप पर आई शिकायतों का भी उसी दिन समाधान करने का प्रयास करें। शासन सचिव ने मंगलवार को जयपुर शहर में पेयजल की आपूर्ति की समीक्षा बैठक के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि समर कंटीन्जेंसीज के तहत किया जा रहे कार्यों को समय पर गुणवत्तापूर्ण किया जाए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नलकूप एवं हेड पंप के दोहन कार्य हेतु भूजल विभाग की मशीनों का उपयोग किया जाए। शासन सचिव ने कहा कि जयपुर शहर में पेयजल व्यवस्था के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए साथ ही अन्य जल स्त्रोतों का चयन किया जाए। उन्होंने कहा कि जयपुर शहर में चल रहे कार्यों का निरंतर रूप से मॉनिटरिंग की जाए साथ ही नलकूपों पर फ्लो मीटर लगाया जाना सुनिश्चित करें। शासन सचिव ने कहा कि जयपुर शहर में टैंकर के माध्यम से जिन क्षेत्रों में सप्लाई की जा रही है उनकी मॉनिटरिंग सही ढंग से की जाए साथ ही इस कार्य में पारदर्शिता के साथ बिलों का भुगतान किया जाना सुनिश्चित करावे।

जेवरात-नकदी से भरा हुआ बैग पार

जयपुर । दुल्हन के पिता का मैरिज गार्डन से जेवरात व नकदी से भरा बैग पार हो गया। इस सम्बंध में पीडित ने करणी विहार थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार झोटवाड़ा निवासी शुभम गोयल ने मामला दर्ज करवाया कि 11 मई को उसकी बेटी की शादी का समारोह जलसा मैरिज गार्डन में चल रहा था। इसी दौरान किसी ने उसका एक बैग पार कर लिया। बैग में ढाई लाख रुपए और जेवरात रखे थे।

सार-समाचार

प्रभाशंकर उपाध्याय का सम्मान किया

जयपुर/सवाईमाधोपुर । सृजन साहित्य सेवा संस्थान तथा नोजगे पब्लिक स्कूल श्रीगंगानगर के तत्वावधान में आयोजित सृजन सम्मान समारोह में सवाईमाधोपुर के वरिष्ठ व्यंग्यकार प्रभाशंकर उपाध्याय को रविवार को माता नामदेवी व्यंग्य सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अन्य विविध विधाओं के लिए अनेक मूर्धन्य साहित्यकारों को भी सम्मानित किया। इन सम्मानों के लिए चार सदस्यीय निर्णायक समिति ने अपने विवेक, अध्ययन और अनुभव के आधार पर साहित्यकारों का चयन करती है। समारोह में मंचाधीश अतिथियों ने प्रभाशंकर उपाध्याय को सम्मान स्वरूप ग्यारह हजार रूपये का चैक, मान-पत्र, शाल आदि प्रदान दिए आदि प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि प्रभाशंकर उपाध्याय के चार व्यंग्य संकलन, एक उपन्यास बहेलिया और डायरी लेखन की तर्ज पर 'यादों के दरीचे' नामक संस्मरणात्मक पुस्तक है।

रमेश सैनी को स्टेट अचीवमेंट अवॉर्ड

जयपुर । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग दिल्ली शाखा राजस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीएनएआई) की ओर से अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर बिरला ऑडिटोरियम में जनाना हॉस्पिटल ओपीडी प्रभारी रमेश सैनी को राज्य स्तरीय ''स्टेट अचीवमेंट अवार्ड 2024'' से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान टीएनएआई के नेशनल प्रेसीडेंट डॉ. रॉय के.जॉर्ज, स्टेट चेयरमैन व वाइस प्रेसीडेंट डॉ.जोगेंद्र शर्मा एवं राजस्थान नर्सिंग कौंसिल की रजिस्ट्रार सुश्री भारती ने प्रदान किया। सैनी गत 28 वर्षों से नर्सिंग सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं, सैनी को यह सम्मान नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्ठ सेवाओं कोरोना जैसी महामारी में मरीजों की सेवा करने, कोविड टीकाकरण अभियान और नर्सिंग क्षेत्रा में अच्छा मैनेजमेंट किये जाने पर दिया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज से डॉ.जगदीप सैनी, एसएमएस से हेमराज गुप्ता, राजकुमार राजपाल, मानसिक हॉस्पिटल से रविन्द्र सैनी एवं गणगौरी हॉस्पिटल ओमप्रकाश को भी सम्मानित किया गया।

निःशुल्क समर कैंप का आगाज

जयपुर । सीकर रोड स्थित मनीष पब्लिक स्कूल जोड़ला पर ग्रीष्मकालीन निःशुल्क समर कैंप का शुभारंभ हरिओम जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल, जयपुर ग्रेटर नगर निगम के चेयरमैन नरेंद्र सिंह शेखावत और समाजसेवी संजय मेठी ने सरस्वती माता के दीप प्रज्ज्वलित करके किया। पंकज गोयल ने बताया कि बच्चों को गर्मियो की छुट्टियों में समर कैंप में जरूर जाना चाहिए इससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास होता है । संस्था की डायरेक्टर प्रिया सिन्हा ने बताया कि जयपुर में 11 स्थानों पर निःशुल्क समर वेकेशन कैंप लगाए जा रहे हैं। शिविर में सिलाई, मेहंदी, आर्ट एंड क्राफ्ट, ब्यूटीशियन कोर्स ,डांस, हैंडराइटिंग, इंग्लिश स्पोकन, सेल्फ डिफेंस आदि का प्रशिक्षित अध्यापकों के द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में महावीर सिंह निठारवाल डायरेक्टर मनीष पब्लिक स्कूल, डायरेक्टर प्रिया सिन्हा, उपाध्यक्ष राज शर्मा, कोषाध्यक्ष मीरा गोयल, उपासना चौहान, राजकुमार अग्रवाल, सुनील चौधरी, वंशिका चौहान, चंचल गोयल, सुमन सैनी, रेहान, एकता कंवर व सैकड़ों विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद रहे।

दो रेस्टोरेंट्स पर खाद्य टीम की छापेमारी

जयपुर । मिलावट को रोकने के लिए शुरू किए गए विशेष अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को जयपुर में अजमेर रोड स्थित दो प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि अजमेर रोड स्थित मैसर्स पिंक पर्ल (चोखा पंजाब) में निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान फ़ूड लाइसेंस डिसप्ले नहीं होना पाया गया। हाईजीन, सेनिटेशन की स्थिति अच्छी नहीं होने के साथ ही यहां कार्यरत वर्कर्स का मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं था। साथ ही यहां वाटर टेस्टिंग और पेस्ट कंट्रोल रिपोर्ट भी नहीं पाई गई। इन सभी कमियों को देखते हुए फ़ूड सिक्योरिटी एक्ट 2006 की धारा 32 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया तथा मौके से पनीर, गुलाब जामुन, दही, सोयाबीन तेल और ग्रेवी के नमूने जाँच के लिए गए। इस कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी और नंद किशोर कुमावत शामिल रहे। इसी प्रकार अजमेर रोड, 200 फ़ीट स्थित होटल हाईवे किंग निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। यहाँ हाईजीन,सेनिटेशन में कमी पाई गई, जिसके लिए होटल प्रबंधन को फ़ूड सिक्योरिटी एक्ट 2006 की धारा 32 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया। इस कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, राजेश कुमार नागर, रमेश चंद यादव, अवधेश गुप्ता और नंद किशोर कुमावत शामिल रहे।

लूटपाट करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

जयपुर । मुरलीपुरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए में 200 फीट बायपास के पास हाईवे पर वाहन चालकों को लूटने वाले पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि महिला वाहन चालकों को अपनी बातों में उलझाती और फिर पति को बुलाकर चालक को धमकी देकर लूटपाट कर फरार हो जाते थे। वाहन चालक समाज और परिवार के डर से मामला दर्ज नहीं करवाते थे। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि मुरलीपुरा पुलिस ने हाईवे पर लूट करने वाले नूर आलम और उसकी पत्नी रूबीना बानो को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नूर बिहार का रहने वाला और आरोपी ने शादी आमेर निवासी रूबीना से की थी। दोनों कई समय से खोह नागोरियान इलाके में किराए के मकान में रह रहे थे। पुलिस ने आरोपियों की बाइक भी जब्त कर ली हैं। प्रारम्भिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह कई बार इस तरह की लूट की वारदात कर चुके हैं। वह घर से दूर इसलिए वारदात किया करते थे क्यों की उन्हें यहां कोई पहचान नहीं सकता था। गौरतलब है कि 13 मई को रात इन दोनों आरोपियों ने एक ट्रक चालक के साथ 30 हजार रुपए की लूटपाट कर मौके से भाग लिया। पुलिस को जानकारी दी। इस पर मुरलीपुरा थाना पुलिस ने गाड्डी के नम्बर के आधार पर खोह नागोरियान में रह रहे दोनों आरोपितों को डिटेन कर गिरफ्तार किया।

वी.के.आई. में पशु आहार फैक्ट्री में आग

जयपुर । विश्वकर्मा थाना इलाके में मंगलवार सुबह एक पशु आहार की फैक्ट्री में आग लग गई। आग की सूचना पर आधा दर्जन से अधिक दमकल मौके पर पहुंची और करीब तीन घंटे में आग पर काबू पाया। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। वीकेआई थाना पुलिस ने बताया कि वीकेआई रोड नंबर 8 के पास प्रेम मोटर्स के नजदीक स्थित पशु आहार की फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलने पर करीब आधा दर्जन से अधिक दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग की लपटे करीब आधा किलोमीटर दूर से नजर आ रही थी।